श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी–4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र,
नई दिल्ली–110016

क्रमांक. एफ 1(43)/ला.ब.शा.रा.सं.वि./प्रशासन–I/2022–23/199 दिनांक 24.05.2023

कार्यालय आदेश

यह देखा गया है कि "कुलपति कार्यालय या कुलपति आवास में शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक वर्ग कुलपति जी से मिलने या आवश्यक कार्य के लिए बिना निजी सचिव, कुलपति को सूचित किये आते हैं, जिस कारण आवश्यक कार्यो के निस्तारण में कुलपति जी को अत्यन्त असुविधा होती है।" इस संबंध में समस्त शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक वर्ग को सूचित किया जाता है कि कार्यालय दिवसों में कुलपति जी से मिलने का समय अपराह्ण 3:00 से 4:00 बजे का है। अतः निर्धारित समयानुसार ही कुलपति जी की सुविधानुसार मिलने के लिए शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक वर्ग कुलपति जी के निजी सचिव को सूचित करने के उपरांत ही आएं तथा कुलपति जी से कुलपति कार्यालय में मिलने के समय मोबाइल न लाएँ या मोबाइल कुलपति कार्यालय में जमा करवाने के उपरांत ही कुलपति जी से मिलने के लिए जाए।

यह भी देखा गया है कि कुछ पीठाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों एवं अधिकारियों द्वारा कुलपति जी को पत्रावलियाँ स्वीकृति प्रदानार्थ सीधे प्रस्तुत की जा रही है। इस संबंध में यह सूचित किया जाता है कि अर्थ/वित्त/अन्य से संबंधित आवश्यक एवं महत्त्वपूर्ण पत्रावलियाँ पीठाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष एवं अधिकारीगण कुलसचिव के माध्यम से कुलपति जी को प्रस्तुत करें।

कुलपति जी से मिलने के लिए कुलसचिव एवं वित्ताधिकारी के लिए समय की कोई पाबंदी नहीं है।

यह कार्यालय–आदेश सक्षम अधिकारी के आदेशानुसार जारी किया जा रहा है।

सहायक कुलसचिव (प्रशासन–I)

प्रतिलिपिः–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. समस्त शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक वर्ग
2. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित है कि वे इस कार्यालय आदेश को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित करने की व्यवस्था करें तथा समस्त शैक्षणिक एवं गैर–शैक्षणिक वर्ग को व्हाट्सएप्प के माध्यम से सूचित करें।
3. कुलपति, कुलसचिव एवं वित्ताधिकारी के निजी सचिव
4. संबंधित पंजिका

भारती त्रिपाठी
सहायक कुलसचिव (प्रशासन–I)

24/05/2023

Sh. Sachi
24/05/23